# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 512/भण्डार/2019 — भोपाल, दिनांकः 18/01/2019

## खान–पान व्यवस्था (केटरिंग) हेतु सीमित निविदा

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा समय–समय पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में जिसमें कि 50 से 1000 प्रतिभागी रहते है के **''खान–पान व्यवस्था (केटरिंग) हेतु सीमित निविदा''** संस्थाओं/होटल आदि से दिनांकः 22/1/2019 तक **कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल** के नाम से आमंत्रित की जाती हैं। यह सीमित निविदाएं स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक/कोरियर/पत्र वाहक से **उप–कुलसचिव, (भण्डार), बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद रोड़, भोपाल** के पते पर प्रस्तुत करें।

उपकुलसचिव (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

## भाग–1

**निविदा की शर्तेः–**

1 निविदाकर्ता द्वारा भाग–2 में दर्शित खाद्य सामग्री की मूल्य सूची पर एक समान छूट (प्रतिशत में) प्रदर्शित की जावे। यह समस्त खाद्य सामग्रियों पर समान रुप से लागू होगी।

2 (i) यह भी नोट किया जाय कि बिल/इनवाइस/देयक जो कार्य उपरांत भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जायेगा उसमें सिर्फ वास्तविक दर (डिस्काउन्ट काट कर) होगी वह भुगतान हेतु दर्शित रहेगी। खाद्य सामगी की दर F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगी।

(ii) पैक्ड ब्रेकफास्ट लंच/डिनर के लिए पैकिंग चार्ज को जोड़कर वित्तीय निविदा में दर अंकित की जावे।

3 निम्नांकित दस्तावेजों की फोटोकापी जिस पर फर्म के सील सहित हस्ताक्षर होने चाहिए सीमित निविदा के साथ संलग्न करें:–

(i) निविदाकर्ता द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2017–18, 2016–17, 2015–16) में मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्था हेतु खान–पान व्यवस्था (केटरिंग) का कार्य किया हो । सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें।

(ii) जी0एस0टी0 (GST) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें।

(iii) आयकर (PAN) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें।

(iv) वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

(v) खाद्य एवं औषधी विभाग का लाईसेन्स खाद्य संरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के अधीन (License under Food Safety and Standards Act, 2006) ।

(vi) इनकम टैक्स के पिछले तीन ऐसेसमेंन्ट वर्ष 2018–19, 2017–18, 2016–17 का इनकम टैक्स रिटर्न की छाया प्रति संलग्न करें।

4 निविदाकर्ता का रेस्टोरेन्ट/भोजनालय भोपाल की नगर निगम सीमा के अन्दर होना आवश्यक है।

5 केटरिंग व्यवस्था के लिए केन्द्र/राज्य शासन एवं स्थानीय निकायों द्वारा समय–समय पर अधिरोपित टैक्स एवं ड्यूटीज का भुगतान समय पर अनिवार्य रुप से करने का उत्तरदायित्व केटरिंग फर्म का होगा। फर्म के देयक से नियमानुसार टैक्स की कटौति विश्वविद्यालय द्वारा की जावेगी।

6 खाद्य सामग्री गुणवत्ता युक्त न होने/विलम्ब से प्रदाय नहीं करने पर देयक में से 2% से 10% की कटौती की जावेगी
(दण्ड अधिरोपित करने का निर्णय कुलपतिजी के विवेकाधीन होगा।)

7 खाद्य सामग्री की गुणवत्ता सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है। इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौति का अधिकार कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

8 फर्म द्वारा विश्वविद्यालय को प्रदाय किये जाने वाले भोजन हेतु उच्च गुणवत्ता के अनाज, दाले, ताजी सब्जियां, डबल रिफाईन्ड तेल, ब्राडेंड एगमार्ग मसाले एवं मिलावट रहित डेयरी प्रोडक्ट्स – दही, दूध, पनीर, मावा, शुद्ध घी, क्रीम आदि गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री का उपयोग किया जायेगा।

9 विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में बफे, ब्रेकफास्ट, लंच, डिनर आदि में भोजन परोसने हेतु हॉट केस, क्राकरी, कटलरी, पेपर नेपकिन, आई0एस0आई0 पेक्ड वाटर, डिस्पोजेबल प्लेट, कटोरी, ग्लास, चम्मच तथा आवश्यक संख्या में वर्दीधारी वेटरों की व्यवस्था फर्म द्वारा की जायेगी। वित्तीय निविदा में उपरोक्त व्यय को जोड़कर दर अंकित की जावे।

10 किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर संबंधित फर्म स्वयं उत्तरदायी होगी।

11 सीमित निविदा पूर्ण या आंशिक रूप से स्वीकृत/अस्वीकृत करने तथा किसी भी स्तर पर बिना कारण बताए निरस्त करने का पूर्ण अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

12 यदि निविदाकर्ता फर्मो की दरें समान प्राप्त होती है तो विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि वह निविदाकर्ता फर्मो से सफल फर्म का चयन कर सके।

13 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

## भाग–2
## खाद्य सामग्री का विवरण एवं दर सूची

**Buffet**

**Drinks**

| SNO | PARTICULAR | RATE IN RS. |
|---|---|---|
| 1 | Coffee 150 ml | 18.00 |
| 2 | Tea 150 ml | 14.00 |
| 3 | Butter Milk 200ml | 20.00 |

**SNACKS(PER NOS)**

| SNO | PARTICULAR | RATE IN RS. |
|---|---|---|
| 1 | Mathri 50 gm | 10.00 |
| 2 | Biscut Sweet/Namkeen 50 gm | 10.00 |
| 3 | SAMOSA /Pettis/Aalubada 75 gm | 12.00 |
| 4 | KACHORI 75 gm | 12.00 |
| 5 | Dhokla 100gm | 25.00 |
| 6 | Poha 100gm | 20.00 |
| 7 | Idli 2 no 75 gm each and Sambhar 200 gm and chatni 20 gm | 80.00 |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | Vada 2 no 75 gm each and Sambhar 200 gm and chatni 20 gm | 80.00 |
| 9 | Chhole 200 gm + Bhatura 2 Nos 100 gm each + Achar 20 gm | 60.00 |

**Roti (per nos)**

| SNO | PARTICULAR | RATE IN RS. |
|---|---|---|
| 1 | Tawa Roti 25 gm | 15.00 |
| 2 | Pudi 25 gm each | 5.00 |
| 3 | Tandoori Roti 30 gm | 15.00 |

***DAL***

| SNO | PARTICULAR | RATE IN RS. |
|---|---|---|
| 1 | Dal Fried 400gm | 110.00 |
| 2 | Dal Makhani 400gm | 170.00 |

***RICE, PULAO & BIRYANI(Per Plate)***

| SNO | PARTICULAR | RATE IN RS. |
|---|---|---|
| 1 | Rice 300 gm | 70.00 |
| 2 | Rice Jeera Fried 300 gm | 90.00 |
| 3 | Sabudana Khichdi 150 gm | 110.00 |

**Vegitable( per plate)**

| SNO | PARTICULAR | RATE IN RS. |
|---|---|---|
| 1 | Alu Mutter/Alu Gobhi/ Alu Jeera 150 gm | 100.00 |
| 3 | Bhindi Masala 150 gm | 110.00 |
| 5 | Baigan Bhurta 150gm | 100.00 |
| 6 | Mixed Vegetable 150gm | 50.00 |

**Paneer and kaju**

| SNO | PARTICULAR | RATE IN RS. |
|---|---|---|
| 1 | Mutter Paneer 150gm | 125.00 |
| 2 | Palak Paneer 150gm | 125.00 |

**Raita,Salad and Papad**

| SNO | PARTICULAR | RATE IN RS. |
|---|---|---|
| 1 | Curd 100gm | 30.00 |
| 2 | Bundi Raita 100gm | 30.00 |
| 3 | Salad | 40.00 |
| 4 | Papad Dry 2 pice | 10.00 |

**SWEETS Per Nos**

| SNO | PARTICULAR | RATE IN RS. |
|---|---|---|
| 1 | Gulab Jamun 50 gm | 20.00 |
| 2 | Rasgulla 50 gm | 20.00 |
| 3 | Mung Halwa 50gm | 20.00 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | Jalebi 50 gm | 15.00 |
| 5 | Bubdi Laddu 50 gm (02 nos) | 15.00 |
| 6 | Laddu Besan 50 gm (02 nos) | 15.00 |

**Break Fast (Packed)**

| SNO | PARTICULAR | RATE IN RS. |
|---|---|---|
| i | Samosa/Kachori/Petis/ Alu bada each 75 gm | 60.00 |
| ii | Dhokla/Poha100gm | |
| iii | Balushahi/Bundi Laddu 50 gm each | |
| iv | Packed Water 250 ml isi mark | |

**Lunch@ Dinner Packed**

| SNO | PARTICULAR | RATE IN RS. |
|---|---|---|
| i | Roti/Pudi 4 nos | 250.00 |
| ii | Pulao | |
| iii | Salad | |
| iv | Achar | |
| v | Dry Sabji 100gm | |
| vi | Vegetable 100 gm any one | |
| vii | Dal 100gm | |
| viii | Sweet 50gm | |
| ix | Packed Water 250ml isi mark | |

**ADDITIONAL FOOD( PACKED)**

| SNO | PARTICULAR | RATE IN RS. |
|---|---|---|
| 1 | PUDI 5 NOS EACH 25GM + DRY ALU SABJI 150 GM+ ACHAR 15 GM + SALAD 30 GM+water pouch | 50.00 |

**भाग–3**

**वित्तीय निविदा**

| | |
|---|---|
| निविदाकर्ता फर्म का नाम एवं पता | |
| निविदा के भाग–2 में दर्शित खाद्य सामग्री पर डिस्काउन्ट का प्रतिशत | |

टीपः– वास्तविक देय दर पर समस्त कर नियमानुसार लागू होंगे।

**प्रमाण पत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि सीमित निविदा की उपरोक्त शर्तो के अधीन मैं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय में खाद्य सामग्री प्रदाय करने हेतु अपनी सहमति प्रदान करता हूँ।

निविदाकर्ता फर्म के हस्ताक्षर एवं सील